दिन–गुरूवार दिनांक– 04/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। कहा – यह चुनाव विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करने का चुनाव है।

02. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने का काम समाप्त। कुल छियासी उम्मीदवारों ने भरे पर्चे।

03. पूर्णियां संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया।

04. और, तेज पछुआ हवा के चलते प्रदेशभर के तापमान में बढ़ोतरी जारी। चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करने का चुनाव है। बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुये श्री मोदी ने कहा कि इस बार एक तरफ जहां कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां हैं, जिन्होंने अपनी सरकार के समय पूरी दुनिया में देश का नाम खराब किया था तो वहीं, दूसरी तरफ भाजपा और एनडीए है जिसका एक मात्र लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण करना है।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग डेढ़ दशक तक जंगलराज से प्रभावित रहे बिहार में अब विकास ने नई रफ्तार पकड़ ली है। श्री मोदी ने लोगों को राजद और कांग्रेस के दौर की याद दिलाते हुये कहा कि जमुई की पहचान नक्सलवाद से होती थी। आज यह क्षेत्र बदल रहा है।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने कहा कि जो लोग बिहार के युवाओं के लिए कभी कुछ भी अच्छा नहीं कर सकते, उन्होंने युवाओं से जमीन लेकर रेलवे में नौकरी दी थी।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के लोगों ने इस बार सभी चालीस सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों को जिताने का संकल्प ले लिया है। श्री मोदी ने रामविलास पासवान को भी याद किया।

———बाईट———

जनसभा को संबोधित करते हुये जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार को पन्द्रह साल तक जंगलराज का दंश देने वाली पार्टी, लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बिहार में चहुमुखी विकास हो रहा है। श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार रोजगार सृजन पर सबसे अधिक ध्यान दे रही है।

———बाईट———

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में वैश्विक स्तर पर देश की प्रतिष्ठा और लोकप्रियता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

———बाईट———

रैली को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जमुई में चुनावी रैली में दिये गये बयानों पर पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री मोदी को यह बताना चाहिए कि पिछले दस वर्षों में केन्द्र सरकार ने जमुई के लिए क्या कुछ किया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार को मुद्‌दों की बात करनी चाहिए और बिहारवासियों को पिछले दस वर्षों का हिसाब देना चाहिए।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने का काम आज समाप्त हो गया। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल छियासी उम्मीदवारों ने पर्चे भरे। सबसे अधिक भागलपुर से इक्कीस प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। वहीं, कटिहार से बीस, बांका से उन्नीस, किशनगंज से पन्द्रह और पूर्णियां से ग्यारह उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। आज कटिहार संसदीय क्षेत्र से जदयू के दुलालचंद गोस्वामी, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक के मरंग हांसदा और निर्दलीय ज्ञानेश्वर सोरेन तथा खालिद मुबारक ने नामांकन पर्चा भरा। भागलपुर से कांग्रेस के अजीत शर्मा ने भी आज पर्चा दाखिल किया। वहीं, पूर्णियां से कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना

पर्चा भरा। पप्पू यादव के साथ कांग्रेस के कई स्थानीय नेता भी मौजूद थे। श्री यादव ने कहा कि पूर्णियां के आम लोगों की इच्छा के अनुरूप वे लोकसभा चुनाव में उतरे हैं।

———बाईट———

दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल होगी। वहीं, उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

————————————————————————————

बिहार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा आज भाजपा में शामिल हो गये। नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। पिछले दिनों अनिल शर्मा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

————————————————————————————

असदुद्दीन औवेसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने कहा है कि पार्टी सीमांचल में सिर्फ किशनगंज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने कहा कि पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने यह फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सीमांचल की अन्य सीटों पर पार्टी किस उम्मीदवार का समर्थन करेगी, इसकी घोषणा जल्द ही की जायेगी। श्री ईमान ने बताया कि चौथे और पांचवे चरण के लिए भी पार्टी की रणनीति जल्द ही घोषित की जायेगी।

————————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा। चुनाव तारीख की घोषणा के साथ ही संसदीय क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जिला प्रशासन जुट गया है। जगह–जगह से पोस्टर–बैनर और होर्डिंग उतार दिये गये हैं। जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

———बाईट——डीएम 01——

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वोटरों से बढ़–चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

———बाईट——डीएम 02——

लोकसभा क्षेत्र में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट——युवा मतदाता——

पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट——एसपी 01——

लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न दलों द्वारा भी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेशभर के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार कौशिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान पछुआ हवा की गति में कमी आने की सम्भावना है। वहीं, राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

–––बाईट–––

---

मुंगेर जिले के रतनपुर स्टेशन के पास पुलिस ने पचहत्तर पीस डेटोनेटर और छह किलो सफेद रंग के विस्फोटक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। कहा – यह चुनाव विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करने का चुनाव है।

02. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने का काम समाप्त। कुल छियासी उम्मीदवारों ने भरे पर्चे।

03. पूर्णियां संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया।

04. और, तेज पछुआ हवा के चलते प्रदेशभर के तापमान में बढ़ोतरी जारी। चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।